माँ रात को सपने में श्री बाबोसा आये लिरिक्स

माँ रात को सपने में,
श्री बाबोसा आये,
फिर प्यार से वो सर पे,
मेरे हाथ घुमाये,
माँ रात को सपने मे,
श्री बाबोसा आये।bd।

कल रात मैंने देखी,
उनकी प्यारी सी सूरत,
उसे देखने को माँ मेरा,
अब जी ललचाये,
माँ रात को सपने मे,
श्री बाबोसा आये।bd।

एक बार मुझे ले चल,
श्री बाबोसा के दर पे,
ये सपना सच हो जाये,
मुझे दर पर जो जाये,
माँ रात को सपने मे,
श्री बाबोसा आये।bd।

ओ मैया मेरी सुनले,
कल रात का नजारा,
सिरहाने वो खड़ा था,
माँ छगनी का दुलारा,
सर पे मुकुट था जिनके,
हाथो में घोटा धारे,
देखा है जबसे उनको,
ये नैन हुए मतवारे,
एकटक निहार रहे थे,
उनको ये मेरे नैन,
अब दर्श बिना उनके,
मुझे आये न चैन,
माँ रात को सपने मे,
श्री बाबोसा आये।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

माँ रात को सपने में,
श्री बाबोसा आये,
फिर प्यार से वो सर पे,
मेरे हाथ घुमाये,
माँ रात को सपने मे,
श्री बाबोसा आये।bd।

गायक – श्री दीपक मलोहत्रा।
लेखक – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com